# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 08.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद, सहारनपुर और आगरा मंडल में जन–प्रतिनिधियों के साथ की बैठक : एसआईआर अभियान में सहयोग पर दिया जोर।
2. अवैध कोडीन युक्त कफ सिरप की बिक्री मामले में पांच प्रमुख स्टॉकिस्ट्स चिन्हित : पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कहा– दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई।
3. नोएडा, गाजियाबाद, कानपुर और वाराणसी में नोडल केन्द्रों पर स्मार्ट इंडिया हैकथॉन का हुआ शुभारंभ।

और

4. काशी–तमिल संगमम के चौथे संस्करण मं आज वाराणसी में तमिलनाडु के कृषक दल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में लिया भाग : पत्रकारों और साहित्यकारों का तीसरा दल पहुंचा प्रयागराज।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सहारनपुर, मुरादाबाद और आगरा मंडलों के विभिन्न जनपदों के जिला प्रभारी, पार्टी पदाधिकारी और जन–प्रतिनिधियों के साथ एसआईआर को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान श्री योगी ने एसआईआर अभियान को शत–प्रतिशत पूरा करने के लिए पार्टी के जन–प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकताओं से टोलियां बनाकर घर–घर जनसंपर्क आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आम जनता के लिए एसआईआर अति महत्वपूर्ण विषय है। इस अभियान से फर्जी वोटरों के नाम हटाने में मदद मिलेगी और पारदर्शी तरीके से मतदाता सूची तैयार हो सकेंगी। मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं और परियोजनाओं के बारे में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं से कहा कि वे लोगों से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी जानकारी लें ताकि यह बात साफ हो सके कि विकास योजनाएं कहां तक पहुंची हैं।

—————————

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान तेजी से जारी है। श्री पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी इस अभियान में सहयोग कर रहे हं। वह आज जौनपुर में प्रदेश के खेलकूद युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव के पिता के निधन के बाद परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए उनके घर गये थे। इस दौरान मीडिया से

बातचीत करते हुए श्री पाठक ने कहा कि मतदाता सूचियों को शुचिता और पारदर्शिता के साथ तैयार करने के लिए एसआईआर अभियान जरूरी है।

*हमारे कार्यकर्ता भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक काम कर रहे हैं और हर स्थिति में सूचित पारदर्शिता के साथ मतदाता सूची बने और लोकतंत्र की सूचिता बनी रहे जैसे मन की शुद्धता के लिए योग की आवश्यकता है, वैसे ही लोकतंत्र की सूचिता के लिए एसआईआर की आवश्यकता है।*

——————————

पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने प्रदेश में कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध बिक्री पर पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में पांच प्रमुख स्टाकिस्ट को चिन्हित किया गया है और 32 लोग गिरफ्तार किये गये हैं। बाइट....

*कई तरीके की उसमें फ्रॉडुलेंट एक्टिविटीज, जालसाजी, फोर्जरी के एविडेंस सामने आए। ऐसे कुल पांच प्रमुख सुपर स्टॉकीस जो है जो इस प्रकार की गतिविधियों में लिप्त थे, उनको चिन्हित किया गया है। उसमें से तीन जो है वह अरेस्ट हो चुके हैं। दो और जो सुपर स्टॉकीस हैं, उनके खिलाफ भी साक्ष्य संकलन की और आगे की कार्रवाई चल रही है। इनसे करीब अभी तक जो यह रिकवरी हुई है, करीब 3.5 लाख बोतलों की रिकवरी हुई है।करीब 4.5 करोड़ के आस–पास और इसमें जो आगे के डायवर्जन के अवैध व्यापार के जो साक्ष्य मिले हैं, उनपर जो इनके आगे की कार्यवाही है, वह चल रही है। अभी तक टोटल मिलाकर के करीब 32 लोग और अरेस्ट किए गए हैं जो कि इसी इलीगल धंधे से जुड़े हुए हैं।*

——————————

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा है कि विमानन सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उड़ान ड्यूटी समय

सीमा संबंधित दिशा–निर्देशों से संबंधित पूरक प्रश्नों के जवाब में श्री नायडू ने आज राज्यसभा में कहा कि सरकार कई उड़ानों के रद्द होने की स्थिति की जाँच कर रही है। श्री नायडू ने कहा कि सरकार इस स्थिति पर गंभीरता से ध्यान दे रही है और इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

———————

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार ने बाज़ार हस्तक्षेप योजना के अंतर्गत किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए एक प्रावधान शुरू किया है। नई दिल्ली में आज कृषि व्यवसाय शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि बागबानी फसलों का मूल्य अगर निश्चित सोमा से नीचे आता है तो सरकार मॉडल–दर और बिक्री मूल्य के बीच के अंतर को सीधे किसानों के खाते में जमा करेगी।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

**समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

———————————

**प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने आज लखनऊ में मखाना विकास योजना के शुभारम्भ की घोषणा की। श्री सिंह ने बताया कि प्रदेश के कई जिले मखाना की खेती के लिए उपयुक्त हैं। उन्होने कहा कि केंद्र से कार्ययोजना के लिए मिले 158 लाख रूपये मखाना की खेती क लिए तालाबों के चयन, निर्माण और प्रशिक्षण कार्य पर खर्च किये जायेगें। बाइट...**

*मखाना की खेती केवल बिहार राज्य तक ही सीमित थी और अब उत्तर प्रदेश सहित कुछ अन्य राज्यों को भी इसके लिए चयनित किया गया है। पूर्वांचल के जनपद है जैसे कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, बलिया, महाराजगंज, वाराणसी बस्ती है। यह मखाना की खेती के लिए अधिक राज्य के हर जनपदों में मखाने की खेती बढ़े। राज्य के किसान इसको स्वीकार करें और करके अच्छी खेती करें। उसके बाद उस खेती को उस फसल को उस उपज को दुनिया के बाजारों तक पहुंचाने के उद्देश्य से हम अपने निर्यातकों को भी कर रहे हैं। मखाना के प्रसंस्करण के भी कौन–कौन से उद्योग हो सकते हैं। ऐसे उद्योगों की स्थापना की संभावना भी तलाश करके हम लोग प्रयास कर रहे हैं।*

———————————

**गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, कानपुर और वाराणसी में नोडल केंद्रों पर आज स्मार्ट इंडिया हैकथॉन की शुरूआत हुई। पेश है एक रिपोर्ट...**

*प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कानपुर के पीएसआईटी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय स्मार्ट इंडिया हैकथॉन–2025 का शुभारंभ किया। यहां 11 राज्यों की 21 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संस्थान ने आज प्रबंधभवन में स्मार्ट इंडिया*

*हैकथॉन–2025 हार्डवेयर संस्करण के स्थानीय केंद्र का उद्घाटन किया, जिससे परिसर में नवाचार, रचनात्मकता और समस्या–समाधान के एक गतिशील सप्ताह की शुरुआत हुई। वहीं गाजियाबाद में स्थानीय सांसद अतुल गर्ग ने हैकथॉन का शुभारंभ किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में 26 टीमों के 188 छात्रों ने हिस्सा लिया। नोएडा में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के तहत दो नोडल केन्द्र बनाये गये हैं जहां आज नौ राज्यों की 26 टीमों के 156 प्रतिभागी सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिये गये वास्तविक समस्याओं के समाधान तलाशेगे। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

———————————

**काशी–तमिल संगमम का चौथा संस्करण जारी है। तमिलनाडु से आए कृषि दल ने आज वाराणसी के नमो घाट पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। दल ने क्रूज के माध्यम से गंगा आरती और काशी के घाटों का अवलोकन भी किया। वहीं पत्रकारों, साहित्यकारों और साशल मीडिया इंन्फ्लूएंसर का तीसरा जत्था आज प्रयागराज पहुंचा। संगम वीआईपी घाट पर इन सभी का प्रयागराजवासियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा अभिनंदन किया गया। एक रिपोर्ट...**

*काशी तमिल संगमम कार्यक्रम 4.0 का तीसरा जत्था आज सोमवार को प्रयागराज पहुंचा। प्रयागराज पहुंचने पर संगम वीआईपी घाट पर सभी पर्यटकों का विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी ने पर्यटकों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिवादन किया और उन्हें अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। इस मौके पर सुरेंद्र चौधरी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ही नहीं विदेश की संस्कृति जुड़ रही है। आज कई देश भारत से जुड़ने को अपना सौभाग्य समझ रहे हैं। ऐसे में काशी तमिल संगमम के तहत उत्तर और दक्षिण की संस्कृत का एकीकरण निश्चित रूप से भारत की एकता और अखंडता और समरसता को दर्शाता है। प्रयागराज पहुंचे काशी तमिल संगमम के तीसरे ग्रुप में 216 सदस्य शामिल थे, जिसमें पत्रकार, साहित्यकार और सोशल मीडिया*

*इन्फ्लुएंसर शामिल थे। काशी तमिल संगमम कार्यक्रम के तहत सात समूह प्रयागराज आएंगे। अगला समूह 10, 12, 14 और 16 तिथियों को प्रयागराज पहुंचेगा। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

———————

**पर्यटन विभाग लखनऊ के ऐतिहासिक यहियागंज गुरुद्वारे का पर्यटन विकास करने जा रहा है। गुरुद्वारे के ऐतिहासिक महत्व, सामुदायिक आस्था और शहर की सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए पर्यटन विकास पर 2 करोड़ रुपए की धनराशि की जायेगी। राज्य के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार सभी धर्मों की आस्था का समान रूप से सम्मान करती है। सिख गुरुओं के ऐतिहासिक पदचिह्नों से जुड़े लखनऊ के यहियागंज गुरुद्वारे को पर्यटन मानचित्र पर विशेष रूप से लाया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां इस पवित्र विरासत को करीब से देख और जान सकें।**

———————